रॉयल बुलेटिन
एक अखबार – सारा संसार

मुज़फ्फरनगर शहर में छप रहे थे नकली नोट, छापने वाले 6 गिरफ्तार, 5 लाख 30 हजार के नकली नोट बरामद

मुजफ्फरनगर। शहर कोतवाली पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीमों ने जाली नोट छापने वाले गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 5.30 लाख की नकली करेंसी, लैपटॉप, प्रिंटर, नकली नोट छापने के अन्य उपकरण, 5 मोबाइल व एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने पूछताछ के बाद सभी आरोपियों का चालान कर दिया है। उक्त लोग पिछले काफी समय से नकली नोट की जनपद व आसपास के जनपदों में सप्लाई कर रहे थे।

पुलिस लाईन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि शहर कोतवाली पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने चुंगी नम्बर दो से बाइक सवार तस्कर गुड्डू निवासी गांव भमौरी थाना सरधना, मेरठ व फारूख उर्फ सितारा निवासी मैना पुट्ठी थाना सरूरपुर, मेरठ को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से पुलिस ने नकली करेंसी बरामद की। पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि उनके साथी न्याजूपुरा में एक मकान में नकली नोट छापने का काम कर रहे हैं।

Source: https://royalbulletin.in/fake-notes-of-5-lakh-30-thousand-arrested-for-printing-fake-notes-were-printed-in-muzaffarnagar-city/317106